घर से पढ़ाओ अभियान

हर दिन सुबह दस से बारह, घर पर चले स्कूल हमारा

जैसा कि आप जानते हैं, COVID-19 महामारी के फैलाव के कारण अप्रैल ke प्रथम सप्ताह से नया शैक्षिक वर्ष शुरू नहीं हो पा रहा है। इस विकट परिस्थिति के दृष्टिगत हरियाणा के सभी विद्यार्थियों की पढ़ाई के क्रम को जारी रखने के लिए शिक्षा विभाग द्वारा घर से पढ़ाओ अभियान आरम्भ किया जा रहा है।

घर से पढ़ाओ अभियान के मुख्य बिंदु इस प्रकार हैं -

- **सोमवार से शुक्रवार, सुबह 10 से 12 बजे के दो घंटे सभी विद्यार्थीयों की पढ़ाई के लिए सुनिश्चित किए गए हैं।** ताकि विद्यार्थी का दैनिक शिक्षण-क्रम एक आम स्कूल के सामान्य दिन की तरह रहे।
- **सभी विद्यार्थियों को एक अलग कॉपी में घर से पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत दिए गए दैनिक कार्य करने** हैं। स्कूल खुलने पर अध्यापक इन कापियों को चेक करेंगे।
- **शिक्षकों को अपनी कक्षा के विद्यार्थियों के अभिभावकों को Whatsapp या SMS के माध्यम से दैनिक कार्यों की जानकारी उपलब्ध करानी होगी।**
  - सभी शिक्षक सक्षम हरियाणा के अंतर्गत बने शिक्षक Whatsapp ग्रुप का हिस्सा हैं। इन Whatsapp ग्रुपों के माध्यम से आपके साथ विद्यार्थियों हेतु दैनिक कार्य सांझा किया जाएगा।
  - शिक्षक इन्हें आगे अपने कक्षा के अभिभावकों से सांझा करें।
  - इसके अलावा शिक्षक अपनी कक्षा की ज़रूरतों के हिसाब से पढ़ाई के अन्य साधन (जैसे कार्य पत्र, वीडियो, ऑडीओ मैसेज) भी तैयार करके सांझा कर सकते हैं।

अभियान को आरम्भ करने के लिए सभी शिक्षक नीचे लिखे निर्देशों का पालन करें

- अपनी कक्षा के विद्यार्थियों के अभिभावकों के **मोबाइल नम्बर इकट्ठा करें** और उनके साथ Whatsapp ग्रुप बनाएँ। उनके साथ SMS के माध्यम से सम्पर्क करें। जिस कक्षा को आप शैक्षिक वर्ष 2019-20 में पढ़ाते थे, उन बच्चों के अभिभावकों के मोबाइल नम्बर लें।
- हर दिन सीखने की गतिविधियों को अभिभावकों से Whatsapp ग्रुप और SMS के माध्यम से **सांझा करें।**
- Whatsapp और फ़ोन द्वारा अभिभावकों की **सहायता करें** ताकि वे घर पर अपने बच्चे/बच्चों को सहायता प्रदान कर सकें।
- छात्रों की प्रगति जानने के लिए अभिभावकों को प्रोत्साहित करें कि वे फ़ोटो/लिखित संदेश द्वारा उनके **कार्यों को सांझा करें।** शिक्षक प्रतिदिन 4-5 अभिभावकों से फ़ोन पर वार्तालाप करके भी इसे सुनिश्चित करें।
- अभिभावकों को प्रोत्साहित करें कि वे WhatsApp तथा सोशल मीडिया पर “घर से पढ़ाओ" अभियान के **अनुभवों को सांझा करें।**

घर से पढ़ाओ शिक्षण सामग्री

1. केंद्रीय स्तर पर सांझा की जाने वाली शिक्षण सामग्री

सभी शिक्षकों को शिक्षक WhatsApp ग्रुप द्वारा प्रतिदिन दो वीडियो लिंक भेजे जाएँगे। वीडियो लिंक के साथ संदेश द्वारा यह भी बताया जाएगा कि वह किन कक्षाओं के लिए हैं, यानी 1-2, 3-5, 6-8, 9-10 और 11-12

वीडियो 1 - शैक्षिक गतिविधियाँ

यह महत्वपूर्ण है कि विद्यार्थी पाठ्यक्रम आधारित पढ़ाई करते रहें ताकि विद्यालयों के खुलने पर उन्हें नियमित पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई ना आए। इस संदर्भ में सांझा की जाने वाली वीडियो प्रति सप्ताह एक आवश्यक दक्षता पर केंद्रित होंगी। यह दक्षता सप्ताह की शुरुआत में सांझा होगी और निम्नलिखित विषयों पर केंद्रित होगी :-

- हिंदी और गणित - कक्षा 1 से 5
- गणित और विज्ञान - कक्षा 6 से 12

कक्षा 4 से ऊपर की कक्षा के विद्यार्थी अपना कार्य करने में सक्षम है। परंतु कक्षा 1-3 के विद्यार्थियों को अभिभावकों के सहयोग की आवश्यकता पड़ेगी। अध्यापकों को prati दिन सप्ताह की मुख्य दक्षता पर आधारित 5-10 अभ्यास प्रश्न बनाकर वीडियो लिंक के साथ सांझा करने चाहिए। कुछ समय पश्चात शिक्षा विभाग द्वारा बनाए हुए कार्य पत्र भी Whatsapp ग्रुप के माध्यम से भेजे जाएँगे।

वीडियो 2 - मनोरंजक गतिविधियाँ

इस कठिन समय में यह महत्वपूर्ण है कि बच्चों को व्यस्त रखा जाए - इसलिए पढ़ाई यदि खेल-खेल में हो जाए तो बच्चे भी संतुष्ट रहेंगे। वीडियो आयु वर्ग के संदर्भ में अपनी उपयुक्तता कि दृष्टि से समान या अलग हो सकती हैं। आपके साथ कई श्रेणियों की विडीओ सांझा की जाएँगी जो कि मुख्यतः मिनमलिखित बिंदुओं पर आधारित होंगी

- अच्छी आदतों को बढ़ावा देने वाली बातें
- सामान्य ज्ञान
- रचनात्मक कलाएँ

2. शिक्षकों द्वारा तैयार की गई शिक्षण सामग्री

केंद्रीय सामग्री के अतिरिक्त हम शिक्षकों को शिक्षण सामग्री बनाने के लिए प्रोत्साहित करना चाहेंगे। इस के लिए शिक्षक :-

- e-learning resources के अंतर्गत उपलब्ध सामग्री का प्रयोग करें। आप इसके लिए SCERT की वेब साइट पर जा सकते हैं http://scertharyana.gov.in/e-learninghome/
- उत्कर्ष संस्था द्वारा प्रतिदिन छात्रों के लिए e-learning के संसाधन EduSAT की वेब साइट (www.haryanaedusat.com) पर उपलब्ध कराए जाएँगे। इसका लिंक छात्रों के साथ सांझा कर सकते हैं।
- आप अभिभावकों/ विद्यार्थियों के साथ Facebook Live अथवा Zoom द्वारा जुड़ कर कक्षा ले सकते हैं।
- पाठ्यक्रम पर आधारित आवश्यक विषयों पर worksheets सांझा कर सकते हैं।
- ध्वनि संदेश रिकॉर्ड करके worksheets/कार्य की जानकारी सांझा कर सकते हैं।

शिक्षकों का मुख्य लक्ष्य सभी विद्यार्थियों को उच्च कोटि का शिक्षण प्रदान करना है। इस कठिन समय में भी हम शिक्षण प्रणाली को आगे ले जाने हेतु नई पद्दतियाँ खोजने के लिए प्रयासरत हैं।

हम आपके सहयोग की आशा करते हैं। कृपया अपने प्रयासों को सभी के साथ सोशल मीडिया तथा WhatsApp द्वारा अवश्य सांझा करें जिससे सभी प्रेरणा ले सकें!

अभियान की मुख्य तिथियाँ

तिथि	कार्य
9 अप्रैल	अभियान की जानकारी अध्यापकों और अफ़सरों से सांझा होगी। सभी अध्यापक अपनी कक्षा के अभिभावकों se सम्पर्क करें, उन्हें अभियान के बारे में बताएँ और Whatsapp ग्रुप बनाएँ।
10 अप्रैल	पहले सप्ताह की पढ़ाई सामग्री और गतिविधियाँ अध्यापकों से सांझा होंगी।
11-12 अप्रैल	**अवकाश दिवस**
13 अप्रैल से शुरू	अध्यापक हर दिन पढ़ाई की गतिविधियाँ छात्र और अभिभावकों से सांझा करें और पढ़ाई में सहयोग करें।